**श्री संजय सिंह** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली): महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

**श्री रवि प्रकाश वर्मा** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

SOME HON. MEMBERS: Sir, we too associate ourselves with the matter raised by the hon. Member.

MR. CHAIRMAN: Thank you. Shri Sakaldeep Rajbhar. ...*(Interruptions)*... Only serious matters are taken up in the House.

**New railway line for Ballia, Uttar Pradesh**

**श्री सकलदीप राजभर** (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं। विषय नई रेल लाइन बिछाने के संबंध में है। महोदय, आजमगढ़, बलिया, जिला मऊ जिले के चौमुखी के विकास के लिए आजगगढ़ से सगड़ी, जियनपुर, दोहरी घाट, मधुबन, बेलथरा रोड, सिकंदरपुर, मनियर, बांसडीह, सहतवार, बकुल्हा घाट व सुरेमनपुर तक नई रेल लाइन बिछाने हेतु भूतपूर्व रेलमंत्री श्री लालू प्रसाद जी के निर्देश पर रेल मंत्रालय द्वारा बलिया में एक सर्वे भी हुआ था।

माननीय सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं जनता के उस दर्द को बताना चाहता हूं कि इस क्षेत्र के सिर्फ दक्षिणी छोर (आजमगढ़, मऊ व बलिया) पर रेल लाइन होने के कारण उत्तरी क्षेत्र की जनता को ट्रेन पकड़ने के लिए 50-100 किलोमीटर दूर-दराज से यात्रा करके, समय व पैसा खर्च करके आना पड़ता है, जिससे यहां की जनता सदियों से उपेक्षित व विकास की मुख्य धारा से अपने को दूर महसूस करती है। यह स्थिति तब और भयावह हो जाती है, जब किसी बीमार, वृद्ध व गर्भवती महिला को बेहतर इलाज हेतु रेल द्वारा महानगरों में ले जाने हेतु ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इसके अलावा रेल लाइन होने की वजह से बिहार, झारखंड, असम और बंगाल व अन्य देशें के लिए इस क्षेत्र की जनता को आसानी होगी और पैसा भी कम खर्च होगा और समय भी कम लगेगा।

**प्रो .मनोज कुमार झा** (बिहार): महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।

**Problems faced by migrants from Jammu and Kashmir**

**श्री नज़ीर अहमद लवाय** (जम्मू-कश्मीर): चेयरमैन सर, मैं एक important issue की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। जम्मू-कश्मीर में जो माइग्रेंट्स हैं, जम्मू में कश्मीर से जो आए हैं, उनके लिए बहुत कम सुविधा है। वहां पानी की सुविधा नहीं है। मैं वहां के कुछ कैंप्स में